कार्यालय नगर पंचायत, खुसरूपुर (पटना)

Email ID- Khusrupur.Np@gmail.Com

(अति अल्पकालीन सूचना)

स्वच्छता साथी के चयन हेतु विज्ञापन सूचना

नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार पटना के पत्रांक 4061 दिनांक 4061 दिनांक 26.12.2024 द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 अन्तर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यान्वयन हेतु दिशा–निर्देश के आलोक में स्वच्छता साथी का चयन किया जाना है, जिसकी विवरणी निम्नवत है :–

स्वच्छता साथी के जिम्मेदारी चयन प्रक्रिया एवं दिशा–निर्देश :–

स्वच्छता साथी कौन होंगें :–

1. स्वच्छता साथी कोई भी हो सकता है, परंतु लोकल व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जायेगी।
2. अभ्यार्थी की उम्र 40 वर्ष से अधिक ना हो।
3. अभ्यार्थी को कम से कम मैट्रिक पास होना चाहिए।
4. अभ्यार्थी की आवाज साफ हो, ताकि ये अच्छे से Communicate कर सके।
5. अभ्यार्थी को स्वच्छता से संबंधित कार्यो में कम से कम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए।
6. अभ्यार्थी के रूप में Waste Picker, Citizen Leader, SHG Member, Swachhagrahi, Sanitation Worker, Brand Ambassadors, NULM, ASHA, Aganwadi worker, NGOs Youth, Community Based Organization एवं Rawas से संबंधित व्यक्ति या अन्य कोई भी आवेदन कर सकते है।
7. नगर पचांयत,स्तर पर कुल 5 (पॉच) स्वच्छता साथी।
8. आरक्षण (रोस्टर पालन)

अनारक्षित	अतिपिछड़ा वर्ग	अनारक्षित (महिला)	अनुसूचित जाति	अनुसमचित जनजाति	पिछड़ा वर्ग
2	1	1	1	0	0

स्वच्छता साथी से मिलने वाला लाभ :–

1. कार्य अवधि पाँच घंटे न्यूनतम होगी।
2. प्रतिदिन की उपस्थिति संधारित की जायेगी।
3. छुट्टी हेतु निकाय की प्रक्रिया का पालन किया जायेगा।
4. मानदेय प्रत्येक माह के 01 से 05 तारीख तक देय होगा।
5. प्रतिदिन 300 (तीन सौ) रूपये की दर से प्रतिमाह 20 (बीस) दिन का मानदेय 300*20=6000.00 (छः हजार) रूपये मानदेय के रूप में देय होगा।

Scanned with OKEN Scanner

6. स्वच्छता साथी को Contractual Basis पर एक वर्ष के लिए Hire किया जायेगा, जिसकी अक्टूबर 2026 तक बढाई जा सकती है।
7. प्रत्येक स्वच्छता साथी को प्रत्येक माह में 20 (बीस) दिनों के लिए Engage किया जायेगा।
8. 200 (दो सौ) कार्य दिवस प्रत्येक माह में 20 (बीस) दिन का होगा, जो वर्ष के किसी भी 10 माह (स्वच्छ सर्वेक्षण को ध्यान रखते हुए) में मान्य होगा।
9. सभी स्वच्छता साथी को Monitor करने की जिम्मेवारी सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी की होगी।
10. छुट्टी एवं अन्य समस्यों से संबधित मामले सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी की होगी।
11. किये गये कार्य की समीक्षा प्रत्येक माह की जायेगी एवं लगातार तीन माह कार्य संतोषजनक नहीं होने पर हटाने की कारवाई की जा सकती है।
12. साक्षात्कार दिनांक 13.02.2025 को नगर पंचायत, खुसरूपुर के सभागार में 11:00 बजे पूर्वाह्न में आयोजित की जाएगी।
13. अभ्यार्थी आवेदन पत्र नगर पंचायत, खुसरूपुर स्थित प्राप्ति काउन्टर एव सम्पर्क नम्बर 6202807805 से प्राप्त कर सकते है।
14. अभ्यार्थी अपना आवेदन दिनांक 11.02.2025 तक आवेदन के साथ अपने दस्तावेज की फोटो कॉपी स्व अभिप्रमाणित कर नगर पचांयत, खुसरूपुर कार्याजय स्थित काउन्टर पर पूर्वाह्न 10:30 बजे से 06:00 बजे तक जमा कर देगें।
15. सभी अभ्यार्थी अपना मूल दस्तावेज (यथा–अपने संबंधित मूल प्रमाण पत्र, अंक पत्र, आधार कार्ड के साथ अवश्य लाएगें।
16. इस विज्ञापन के शर्तो को किसी भी समय बिना पूर्व सूचना के आंशिक या पूर्णतः संशोधित करने अथवा रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

नोट :–

1. यह किसी भी प्रकार से स्थाई नियुक्ति नहीं है। अतः भविष्य में किसी भी तरह का Claim मान्य नहीं होगा। स्वच्छता साथी नगर निकाय कर्मी नहीं माने जायेंगें एवं भविष्य में किसी प्रकार का दैनिक/संविदा/नियमित की नियुक्ति का दावा मान्य नहीं होगा।
2. विशेष जानकारी/आवेदन प्रपत्र नगर पंचायत, खुसरूपुर से कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती है।
3. आवेदन पत्र कार्यालय से प्राप्त विहित प्रपत्र में नगर पंचायत, खुसरूपुर में दिनांक 11.02.2025 समय 5.00 बजे पूर्वाह्न तक जमा करना होगा। किसी भी परिस्थिति मे दिनांक 11.02.2025 के कार्य अवधि उपरांत आवेदन स्वीकार नही किया जायेगा। एवं आवेदन विलम्व से कार्यालय जमा होने के स्थिति में अभ्यार्थी स्वयं जिम्मेवार होगा।

31/1/25

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, खुसरूपुर

D:\J\Jan\Swachta.docx

Scanned with OKEN Scanner